


# इंदिरा गांधी की मूल्यों को आगे बढ़ाना सबकी जिम्मेदारी : खेड़ा

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 19 नवंबर. भारत की पूर्व प्रधानमंत्री, लौह-इच्छाशक्ति की प्रतीक और देश की सामूहिक चेतना में रची-बसी इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती पर मंगलवार को राजधानी भोपाल में सम्यक अभियान - इंदिरा ज्योति तथा चलें रामराज्य की ओर पहल की शुरुआत की गई।**

इन कार्यक्रमों का शुभारंभ रवीन्द्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर अखिल भारतीय कांग्रेस समिति मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया और अरुण यादव, विधायक आरिफ मसूद, आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, पूर्व सांसद सुरेन्द्र सिंह और राजमणि पटेल, पूर्व मंत्री मुकेश नायक, प्रवक्ता अभिनव बारोलिया, शेरयार खान और वरिष्ठ नेता राजेन्द्र मिश्रा शामिल थे। कार्यक्रम संयोजक भास्कर रोकड़े, सम्यक अभियान के प्रभारी शैलेंद्र श्रीवास्तव, तथा संजय काले, प्रवीण सक्सेना और योगेश यादव भी मौजूद थे। इसके अलावा प्रवक्ता और पदाधिकारी भूपेन्द्र गुप्ता, रवि सक्सेना, अवनीश बुंदेला, आनंद जात, प्रवीण धौलपुरिया, विक्रम चौधरी और एससी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप परमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उत्साह और श्रद्धा के साथ जयंती समारोह में भाग लिया। इंदिरा गांधी के बचपन का एक प्रसंग याद करते हुए खेड़ा ने बताया कि स्वदेशी आंदोलन के दौरान जब पाँच वर्षीया इंदिरा को पता चला कि उनकी प्रिय गुड़िया विदेशी है, तो उन्होंने देशहित में उसे जला दिया था।

### जनजागरण कार्यक्रम पूरे देश में करें आयोजित

चलें रामराज्य की ओर अभियान का उद्देश्य, आयोजकों के अनुसार, न्याय, समानता, करुणा और संवेदनशीलता पर आधारित समावेशी शासन की दृष्टि प्रस्तुत करना है। समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाली एक कोर कमेटी का गठन किया गया है, जो किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और वंचित समुदायों की भागीदारी और उन्नयन पर विशेष जोर देगी। सम्यक अभियान के अंतर्गत इस पहल का शुभारंभ करते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि ऐसे वैचारिक और जनजागरण कार्यक्रम केवल मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश में आयोजित किए जाने चाहिए। राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान, उनकी विरासत का संरक्षण और उनके मूल्यों को आगे बढ़ाना, उन्होंने कहा, सबकी साझा जिम्मेदारी है।

## पन्ना टाइगर रिजर्व में गाइडों की हड़ताल से पर्यटक परेशान

**पन्ना.** पन्ना टाइगर रिजर्व में गाइडों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रहने से पर्यटक परेशान हो रहे हैं. गाइडों के न होने से पर्यटक वाहनों के साथ कोर जोन में प्रवेश के दौरान नियमों का उल्लंघन होने की स्थिति बन रही है. कई पर्यटक बिना गाइड जंगल में प्रवेश कर रहे हैं, जिससे सुरक्षा और प्रोटोकॉल पर भी असर पड़ रहा है. गाइडों ने बताया कि उनकी हड़ताल का मुख्य कारण क्षेत्र संचालक द्वारा 13 नवंबर को अचानक जारी किया गया वह आदेश है, जिसमें कोर गेट मंडला और झिन्ना गेट बफर के लिए नए गाइडों की भर्ती की घोषणा की गई है. गाइडों का कहना है कि इस आदेश की न तो कोई पूर्व सूचना दी गई और न ही उनसे किसी प्रकार की चर्चा की गई.

# मध्यप्रदेश में ठंड ने तोड़ा रिकॉर्ड

## 13 जिलों में अलर्ट जारी

**भोपाल, 19 नवम्बर. मध्यप्रदेश इस समय कड़ाके की ठंड की चपेट में है. उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों से आ रही बर्फीली हवाओं ने सर्दी को चरम पर पहुँचा दिया है. सुबह और रात की ठिठुरन अब दिन में भी महसूस होने लगी है.**



प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर का असर गहराता जा रहा है, जबकि कई इलाकों में कोहरा बढ़ने लगा है. मौसम विभाग ने कड़ाके की ठंड और दृश्यता कम होने की स्थिति को देखते हुए कई जिलों में अलर्ट जारी किया है. मंगलवार को प्रदेश के 15 से अधिक जिलों में दिनभर तेज शीत हवाएं चलीं. भोपाल, इंदौर, जबलपुर और शहडोल संभाग में ठंड पिछले मौसम की तुलना में काफी तेजी से बढ़ी है. राजधानी भोपाल में मंगलवार शाम से ही हल्की धुंध छा गई, जो रात तक गहराती रही. मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को भी ठंड से राहत की कोई उम्मीद नहीं है, जबकि आगामी दिनों में पारा और नीचे जा सकता है.

मौसम विभाग ने शीतलहर की स्थिति को तीन श्रेणियों में बांटकर अलर्ट जारी किया है, शीतलहर: सीहोर, खंडवा, खरगौन, शहडोल और जबलपुर में. तीव्र शीतलहर: भोपाल, राजगढ़, इंदौर और शाजापुर में. शीत दिवस की स्थिति: शाजापुर जिले में दर्ज की गई.

> ठंड बढ़ने की एक बड़ी वजह बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रही मौसम प्रणालियाँ भी हैं. दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और आसपास के क्षेत्रों में समुद्र तल से 3.1 किमी ऊंचाई तक एक चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय है. इसके साथ ही 22 नवंबर के आसपास दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव क्षेत्र बनने की संभावना जताई गई है. मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि यह सिस्टम पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा और अगले 48 घंटों में और स्पष्ट होगा, जिसका असर मध्यप्रदेश के मौसम पर भी अप्रत्यक्ष रूप से पड़ेगा.

# योजनाओं में शिथिलता स्वीकार नहीं

## विभागीय समीक्षा में मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 19 नवंबर. महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने बुधवार को मंत्रालय में विभागीय योजनाओं की व्यापक समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि महिलाओं, बालिकाओं और बच्चों से जुड़ी प्रत्येक सेवा का क्रियान्वयन संवेदनशील, समयबद्ध और पारदर्शी हो.**

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने विभाग की प्रमुख योजनाओं— मिशन वात्सल्य, मिशन शक्ति, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, पोषण अभियान और आंगनवाड़ी सेवाओं की गहन समीक्षा की. उन्होंने कहा कि विभाग की प्रत्येक योजना सीधे उन महिलाओं, बालिकाओं और बच्चों तक पहुंचती है जो सुरक्षा, पोषण और सहयोग की सबसे अधिक आवश्यकता रखते हैं, इसलिए क्रियान्वयन में किसी तरह की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी. सुश्री भूरिया ने विशेष रूप से चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और महिला हेल्पलाइन 181 के संचालन पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि ये सेवाएं चौबीसों घंटे पूरी संवेदनशीलता के साथ सक्रिय रहें.



> संकट की घड़ी में एक त्वरित प्रतिक्रिया किसी बच्चे या महिला के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है. मंत्री ने निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारियों को लाभार्थियों से सीधे संवाद करते हुए मौके पर सुनवाई और समाधान की प्रक्रिया को और मजबूत करना चाहिए. आयुक्त निधि निवेदिता ने विस्तृत प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की. आंगनवाड़ी केंद्रों के उन्नयन, चयन पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी भर्ती, पोषण स्तर में सुधार, टेक-होम राशन की गुणवत्ता और जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष योजनाओं के क्रियान्वयन पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है.



## 5 सैकड़ा से अधिक बच्चों को मिला सूज

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 नवम्बर। एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों द्वारा समय-समय पर सीएसआर के तहत स्थानीय परिक्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्य किए जाते रहे हैं।**

इसी क्रम में एनसीएल की सीडब्ल्यूएस इकाई द्वारा सीएसआर के तहत अजगूढ़ ग्राम चितरंगी में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, अजगूढ़ एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय, पतेरीटोला, अजगूढ़ में विद्यार्थियों को नि:शुल्क जूतों का वितरण किया गया। एनसीएल सीडबल्यूएस द्वारा यह कार्य बढ़ती ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए किया गया। इस दौरान लगभग 570 विद्यार्थियों ने वितरण का लाभ उठाया। इस अवसर पर परियोजना से नोडल अधिकारी एवं स्कूल के प्राचार्य तथा अन्य लोग मौजूद रहे।

## कमला कॉलेज में लगी पुलिस की जागरूकता पाठशाला

नवभारत न्यूज

**सीधी, 19 नवम्बर. पुलिस मुख्यालय भोपाल के दिशा-निर्देशन में संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत जिला सीधी पुलिस द्वारा लगातार विद्यालयों, छात्रावासों एवं ग्रामीण अंचलों में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।**

पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के नेतृत्व में यह अभियान पूरे जिले में जनहितकारी रूप से व्यापक प्रभाव छोड़ रहा है।कमला कॉलेज पड़रा में आयोजित विशेष संवाद कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने छात्राओं एवं विद्यार्थियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर महिला एवं बाल सुरक्षा, गुड टचढ्ढबैड टच, आत्मरक्षा, नशा मुक्ति तथा साइबर क्राइम से बचाव के सरल व प्रभावी उपाय साझा किए।छात्राओं में जागरूकता एवं आत्मविश्वास बढ़ाने वाली यह कक्षा अत्यंत प्रेरक एवं सहभागितापूर्ण रही।साइबर सुरक्षा पर छात्राओं को महत्वपूर्ण डास बताए गए, जिसमें सोशल मीडिया की प्राइवेसी सेटिंग्स हमेशा ऑन रखें।मजबूत पासवर्ड व टू-स्टेप वेरिफिकेशन का उपयोग करें। अनजान लिंक, क्यूआर कोड एवं फ्री रिवॉर्ड से दूरी रखें।किसी भी ब्लैकमेलिंग, गलत मैसेज या फ्रॉड की तुरंत शिकायत 1930 या पुलिस/सायबर सेल में करें। अनजान प्रोफाइल, कॉल व चैट से सावधानी रखें।संदिग्ध गतिविधि का स्क्रीनशॉट/प्रमाण सुरक्षित रखें।

### ऑपरेशन मुस्कान को मिला व्यापक समर्थन

कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी लगातार प्रश्न पूछकर सक्रियता दिखाते रहे।कार्यक्रम में निरीक्षक रीता त्रिपाठी थाना प्रभारी महिला थाना उपनिरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी थाना प्रभारी जमोड़ी, प्राचार्य कमला कॉलेज, संपूर्ण स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्रढ्ढछात्राएं उपस्थित रहे।ऑपरेशन मुस्कान के माध्यम से जिला पुलिस समाज में सुरक्षित, जागरूक और सकारात्मक माहौल के निर्माण हेतु निरंतर कार्यरत है।आगे भी विद्यार्थियों, महिलाओं एवं आमजन की सुरक्षा एवं कल्याण के लिए ऐसे उपयोगी कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे

# देश को मिलेगा स्वदेशी ड्रोन तकनीक का तोहफा

**ग्वालियर, 19 नवंबर. सीमा सुरक्षा बल अकादमी ग्वालियर ने आईआईटी दिल्ली समेत कुछ और संस्थानों के साथ मिलकर देश में पूरी तरह से स्वदेशी ड्रोन तकनीक विकसित करने की दिशा में एक बड़ी पहल शुरू कर दी है.**



इसी क्रम में 10 नवंबर को तीन संस्थानों के बीच हुए सहमति पत्र (एमओयू) के बाद कल आईआईटी दिल्ली, सोनीपत कैंपस में एक दिवसीय मंथन सत्र आयोजित किया गया.

बीएसएफ अकादमी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार आईआईटी दिल्ली के डीन (आर एंड डी), प्रोफेसर अश्विनी अग्रवाल की अध्यक्षता में हुए इस महत्वपूर्ण सत्र में 20 फैकल्टी सदस्यों के एक रिसर्च ग्रुप ने भाग लिया. चर्चा का केंद्र ड्रोन टेक्नोलॉजी के सभी अत्याधुनिक पहलू रहे, जिनमें हल्के कंपोजिट मैटेरियल, प्रणोदन प्रणाली, वायुगतिकी, कम तापमान वाली बैटरी, मोटर और नियंत्रण प्रणाली, सेंसिंग और सुरक्षित संचार जैसे विषय शामिल थे.

## फुटबॉल अंडर 17 में चयनित चार बालिकाएं नेशनल खेलेंगी

### बालिकाएं दीमापुर नागालैंड के लिए रवाना



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 नवम्बर। जिला की चार बालिकाओं का चयन म.प्र. फुटबॉल संघ के द्वारा नेशनल मैच के लिए हुआ है।**

जिला फुटबाल संघ सिंगरौली की जूनियर बालिका अंडर 17 नेशनल दीमापुर नागालैंड के लिए कोमल साकेत, स्नेहा यादव, पूनम गुप्ता, ख्याति कुशवाहा का नेशनल प्रतियोगिता में चयन हुआ है। म.प्र. फुटबॉल संघ के सचिव अमित रंजन देव के निर्देश पर 2 नवंबर से 8 नवंबर तक फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन अंबेडकर स्टेडियम विंध्यनगर में आयोजन किया गया था, 9 नवंबर से 18 नवंबर तक नेशनल कैंप का आयोजन सिंगरौली जिला में ही किया गया है, जिसमें 35 बालिकाओं का म.प्र. के द्वारा नेशनल कैंप में सिलेक्शन किया गया था, जिला फुटबॉल संघ सिंगरौली के सचिव लवकुश कुमार तिवारी के मुताबिक 19 नवंबर को अंडर 17 बालिकाएं की टीम दीमापुर नागालैंड के लिए रवाना हो गई है, जहां नेशनल मैच का आयोजन 28 नवंबर से 11 दिसंबर तक होगा।

# होटल, रेस्टोरेंट, मैरिज गार्डन में तंदूर जलाते मिले तो होगी कार्यवाही

## क्षेत्रीय प्रदूषण बोर्ड एवं नगरीय निकाय के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 नवम्बर। नपानि में क्षेत्रीय प्रदूषण बोर्ड एवं नगरीय निकाय के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहरी क्षेत्र में प्रदूषण के कारकों पर विवेचना की जाकर योजनाबद्ध तरीके से निराकरण करने की दिशा में कार्य के लिए सहमति बनी। यह बैठक कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर आयोजित की गई।**



बैठक में बिल्डिंग परमीशन के दौरान निर्माण स्थलों को ग्रीन कवर कराया जाना अनिवार्य किया जाये, जिससे धूल के कण नियंत्रित हो सके। निकाय द्वारा निर्माण किये जा रहे भवनों एवं सभी संरचनाओं को भी पूरी तरह ग्रीन कवर किया जाना सुनिश्चित, मेन रोड में कोल-फ्लाई ऐश के ट्रांसपोर्ट से प्रदूषण ना हो इस के लिए संस्थाओं-कंपनी को सूचना दी जाए एवं निर्देशित की अवहेलना करने वालों पर जुर्माना/जप्ती की कार्यवाही के लिए प्रावधान निर्धारित करें। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी द्वारा जारी निर्देश अनुसार उक्त कार्यवाही सुनिश्चित हों। नगर निगम का अमला शादी, पार्टी, होटल, रेस्टोरेंट, मैरिज गार्डन व अन्य सार्वजनिक स्थलों सहित अन्य का निरीक्षण करेगा और तंदूर जलाते हुए मिलने पर कार्यवाही करेगा। नगर निदेशक के माध्यम से नोटिस जारी करने और तामिल कराया जाना है, जिससे वायु प्रदूषण को रोकने की दिशा में आगे बढ़ा जा सके। निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट के लिए कार्यवाही, शहरी क्षेत्र के मुख्य मार्गों में निर्माण व विध्वंस सामग्री प्रायत: देखा जा रहा है, जो वायु प्रदूषण के कारक है, जिसके लिए निकाय निरीक्षण कर कार्यवाही व जुर्माना की नियमित कार्यवाही करें। साथ ही शहर के चौराहों, तिराहों में मिस्ट गन लगाया जाना सुनिश्चित करना, जिससे वायु प्रदूषण नियंत्रित हो। शहर के खाली प्लॉट को चिन्हित करते हुए मालिकों को नोटिस जारी करना, जिससे कचरे का पड़ाव ना हो। इसके अलावा अन्य कई बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुये आम सहमति बनाई गई।

इस दौरान बैठक में संजीव मेहरा क्षेत्रीय अधिकारी केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड, जय प्रताप सिंह इंजीनियर, शिवम रमन इंजीनियर, संतोष कोशी सीडीईओ, बालगोविंद चतुर्वेदी स्वास्थ्य अधिकारी नपानि, संतोष पाण्डेय कार्यपालन यंत्री नपानि, आशीष शुक्ला आईईसी मैनेजर मौजूद रहे।

**नाम सुधार सूचना**

मैं अन्जू त्रिपाठी ANJOO TRIPATHI उम्र 38वर्ष पति Amry ro-14664113X - Rank.Hav-Nam-MANOJ KUMAR TRIPATHI OF UNIT-842 FIELD WORK ASHOP C/O 56 APO निवासी- ग्राम-बम्हौरी पोस्ट-तिहाई थाना-सभापुर तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र. मेरा आधार कार्ड न- 952662805238 की होकर निम्न शपथ पूर्वक कथन करती है कि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा - अन्जू त्रिपाठी ANJOO TRIPATHI पति का नाम- पति मनोज कुमार त्रिपाठी दर्ज है जबकि मेरे पति के सर्विस दस्तावेजों में मेरे नाम में अन्जू त्रिपाठी ANJU TRIPATHI दर्ज है जबकि आधार कार्ड में अन्जू त्रिपाठी ANJOO TRIPATHI है। मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि अन्जू त्रिपाठी ANJOO TRIPATHI एवं अन्जू त्रिपाठी ANJU TRIPATHI दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं मेरा सही नाम- अन्जू त्रिपाठी ANJOO TRIPATHI जिसे एक ही व्यक्ति का नाम पढा समझ व माना जाए।

**क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, रीवा (म.प्र.)**

**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसंबंधितों सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन (ई. आई. ए.) अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 तथा यथा संशोधित 09 मई 2022 एवं office Memorandom NoJ-11015/387/2008-IA.11(m) dated 28.09.2011 के प्रावधानों के अनुसार तिलौ स्टोन क्रेशर क्वारी ग्राम - तिलौं, तहसील - जवा, जिला रीवा के लिए भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल मे आवेदन किया गया है, उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना के कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी भाषा मे साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर रीवा (2) कार्यालय जिला पंचायत रीवा (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रीवा (4) कार्यालय ग्राम पंचायत तिलौं तहसील - जवा, जिला - रीवा (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक - 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई- 5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, एच.आई.जी. 190-191नेहरू नगर रीवा (म.प्र.) मे कार्यालयीन समय मे किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइट www.mppcb.nic पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध मे कोई सुझाव, विचार, टीका - टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, एच.आई.जी. 190-191 नेहरू नगर रीवा (म.प्र.) के कार्यालय मे लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इन परियोजनाओं के लिये दिनांक 24.12.2025 दिन - बुधवार, समय प्रात: -11.00 बजे से माईनिग लीज एरिया के पास ग्राम -तिलौं, तहसील - जवा जिला रीवा मे आयोजित लोक सुनवाई का विवरण निम्नानुसार है:-

| खदान का नाम | खसरा नं. | रकवा | उत्पादन क्षमता | लोक सुनवाई स्थल | लोक सुनवाई का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| मेसर्स श्री सार्थक द्विवेदी पिता श्री अविनाश चन्द्र द्विवेदी तिलौं क्वारी लीज | 3/9/6(पी) | 2.00 हेक्टे | 32435 घनमी/वर्ष | माईनिंग लीज एरिया ग्राम - तिलौं, तहसील- जवा जिला - रीवा | प्रात:11.00 से |
| मेसर्स श्री सार्थक द्विवेदी पिता श्री अविनाश चन्द्र द्विवेदी तिलौं क्वारी लीज | 3/9/8(पी) | 1.618 हेक्टे. | 23704 घनमी/वर्ष | | |
| मेसर्स श्री सुमन्त द्विवेदी पिता श्री अविनाश चन्द्र द्विवेदी तिलौं क्वारी लीज | 3/9/2/1 (पी) | 2.00 हेक्टे. | 33011 घनमी/वर्ष | | |

जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति लिखित अथवा मौखिक रूप से दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी

विचार-विमर्श

## जनसंपर्क अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित

# प्रभावी संप्रेषण और डिजिटल सक्रियता बढ़ाए : दीपक

**भोपाल. राजधानी के होटल अशोका लेक व्यू में मंगलवार को जनसंपर्क अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यशाला की अध्यक्षता आयुक्त जनसंपर्क दीपक सक्सेना ने की.**



कार्यक्रम में अपर आयुक्त जी.एस. बाधवा, संजय जैन, संयुक्त संचालक अशोक मनवानी और पंकज मित्तल सहित विभाग के उप संचालक, सहायक संचालक और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे. कार्यशाला में विभागीय कार्यों की समीक्षा, चुनौतियों पर चर्चा और जनसंपर्क तंत्र को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कदमों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया. आयुक्त सक्सेना ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बदलते मीडिया परिवेश में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सक्रिय रहना अब विभाग की प्रमुख आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी सूचनाओं का सटीक, समयबद्ध और आकर्षक प्रसारण सुनिश्चित किया जाए.

आयुक्त ने अधिकारियों से पत्रकारों के साथ सतत संवाद बनाए रखने, घटनाओं पर तुरंत प्रतिक्रिया देने और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक सरल भाषा में पहुंचाने पर जोर दिया.

> उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की जनहितैषी छवि को सुदृढ़ करने में जनसंपर्क विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार के लिए नवीन तरीकों और डिजिटल नवाचारों को अपनाना आवश्यक है. कार्यशाला में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि फील्ड में अधिक समय बिताएं, स्थानीय स्तर की सकारात्मक कहानियां खोजें और उन्हें राज्य स्तर तक पहुंचाएं. आयुक्त ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक तभी पहुंचेगा, जब जिले का जनसंपर्क तंत्र संवेदनशीलता के साथ सक्रिय रहेगा. इसके साथ ही ऐसी घटनाएं, जिनका प्रदेश स्तर पर महत्व हो, उन्हें बिना विलंब डिजिटल माध्यम से भेजा जाए. उन्होंने बताया कि प्रत्येक संभाग के लिए एक-एक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो फील्ड अधिकारियों के साथ समन्वय कर सूचनाओं का सुचारू संप्रेषण सुनिश्चित करेंगे.